सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 130 | इंदौर, शनिवार 18 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## पचमढ़ी से भी ठंडे इंदौर-ग्वालियर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में रात के साथ दिन में भी गुलाबी ठंड का असर है। प्रदेश के 22 शहरों में दिन का टेम्प्रेचर 30 डिग्री के नीचे चल रहा है। इंदौर-ग्वालियर शहर पचमढ़ी से भी ठंडे हैं। वहीं, ग्वालियर-पचमढ़ी की रातें भी सबसे ठंडी हैं।**

मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया कि 20 नवंबर तक मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा। इसके बाद वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से तापमान में मामूली बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, बादल भी छाने का अनुमान है। हुसैन ने बताया कि 19 नवंबर से वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इसका असर मध्यप्रदेश में 20 नवंबर से दिखाई देने लगेगा। ऐसे में तापमान में हल्की गिरावट होगी। तब तक दिन-रात का तापमान नॉर्मल रहेगा। बारिश का अनुमान तो नहीं है, लेकिन अरब सागर से नमी आने के कारण बादल बन सकते हैं।

# पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने कम किया मतदान

## 10 लाख 52 हजार 634

पुरुष वोट डले

## 9 लाख 79 हजार 572

महिला वोट डाले गए

# सील हुआ नेहरू स्टेडियम का स्ट्रांगरूम

सुबह साढ़े 5 बजे सील हुआ ईवीएम मशीनों और मतदान सामग्री के साथ नेहरू स्टेडियम का स्ट्रांग रूम, अब 3 दिसंबर को मतगणना के दिन सुबह खुलेगा... इंदौर में हुए मतदान का ये अंतिम चार्ट भी सुबह ही हुआ तैयार, मतदान प्रतिशत में थोड़ा और इजाफा.. कुल 73.79 % रहा. पिछले चुनाव से लगभग 3 फीसदी ज़्यादा।

विधानसभा निर्वाचन'2023
मत प्रतिशत रिपोर्ट समय (07:00 से मतदान समाप्ति तक)

| | | | कुल पंजीबद्ध मतदाता | | | | मतदान प्रतिशत | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | विधानसभा | कुल मतदान केंद्र | पुरूष | महिला | अन्य | कुल | पुरूष | पु.% | महिला | म.% | अन्य | अ.% | कुल | प्रतिशत |
| 1 | 203 - देपालपुर | 278 | 134527 | 132134 | 7 | 266668 | 114125 | 84.83% | 105666 | 79.97% | 2 | 28.57% | 219795 | 82.42% |
| 2 | 211 - सांवेर | 312 | 153066 | 149168 | 1 | 302235 | 127326 | 83.18% | 115145 | 77.19% | 0 | 0.00% | 242473 | 80.23% |
| 3 | 209 - महूँ | 269 | 141923 | 138036 | 6 | 279965 | 112214 | 79.07% | 104321 | 75.58% | 3 | 50.00% | 216540 | 77.35% |
| 4 | 210 - रॉउ | 318 | 180086 | 176563 | 4 | 356653 | 139261 | 77.33% | 131708 | 74.60% | 1 | 25.00% | 270972 | 75.98% |
| 5 | 207 - इंदौर (4) | 212 | 119702 | 119875 | 7 | 239584 | 90001 | 75.19% | 83155 | 69.37% | 5 | 71.43% | 173162 | 72.28% |
| 6 | 204 - इंदौर (1) | 314 | 185350 | 178297 | 1 | 363648 | 136285 | 73.53% | 125844 | 70.58% | 1 | 100.00% | 262131 | 72.08% |
| 7 | 206 - इंदौर (3) | 193 | 93883 | 93210 | 68 | 187161 | 68976 | 73.47% | 64323 | 69.01% | 33 | 48.53% | 133333 | 71.24% |
| 8 | 208 - इंदौर (5) | 364 | 207749 | 204295 | 4 | 412048 | 144485 | 69.55% | 135277 | 66.22% | 1 | 25.00% | 279764 | 67.90% |
| 9 | 205 - इंदौर (2) | 301 | 176223 | 171240 | 8 | 347471 | 119961 | 68.07% | 114133 | 66.65% | 1 | 12.50% | 234096 | 67.37% |
| | | 2561 | 1392509 | 1362818 | 106 | 2755433 | 1052634 | 75.59% | 979572 | 71.88% | 47 | 44.34% | 2032266 | 73.75% |

# कमलनाथ का आरोप : कुछ अधिकारी भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहे है

◆ फोन पर बात करके कमलनाथ ने इंदौर कमिश्नर से कहा - आपकी कार्य प्रणाली को लेकर शिकायत आ रही है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने पार्टी के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम में बैठकर इंदौर कमिश्नर, मुरैना के पुलिस अधीक्षक, भिंड और छतरपुर के कलेक्टर से फोन पर बात की। मुरैना के दिमनी में पार्टी के पदाधिकारी से बात की। उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि मुरैना के पुलिस अधीक्षक भाजपा कार्यकर्ता की तरह काम कर रहे हैं।**

इंदौर के कमिश्नर से भी उन्होंने कहा कि आपकी कार्य प्रणाली को लेकर पार्टी कार्यकर्ता शिकायत कर रहे हैं। राजनगर के कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह नाती राजा के ड्राइवर की हत्या की खबरों पर कमलनाथ ने कहा- मेरी अभी नाती राजा से बात हुई है। उन्होंने तो कहा है कि एक्सीडेंट हुआ है। इस तरह की कोई घटना नहीं हुई। मैंने एसपी से बात की है। कुछ झड़प हुई थी और नाती राजा ने खुद बताया कोई हत्या नहीं हुई। पता नहीं यह खबर कहां से आई। जब कैंडिडेट ही कह रहा है कि ऐसी कोई बात नहीं हुई तो पता नहीं ये खबर कहां से आई।

### चुनाव के बाद एक्टिंग करेंगे शिवराज

शिवराज सिंह चौहान द्वारा सुबह से ही लाडली बहनों के बीच में रहने पर कमलनाथ ने कहा वह कलाकार हैं कोई ना कोई कलाकारी करेंगे कोई ना कोई ऐक्टिंग करेंगे आप बेरोजगार नहीं होंगे वह इसके बाद एक्टिंग करने मुंबई जाएंगे और मध्य प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा समृद्ध मध्य प्रदेश का रोड मैप बनाने की बात पर कमलनाथ ने कहा- मैं देखूंगा कौन सा रोड मैप है समृद्ध मध्य प्रदेश का। ये सब कुछ भी कहें लेकिन उनके लोग शिवराज सिंह की तो तारीफ करते नहीं। शिवराज सिंह को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाने में तो शर्मा रहे हैं। बड़े ताजुब की बात है कि किसी का नाम नहीं ले सकते। नाम लेना तो छोड़िए इनकार कर देते हैं कि हम चुनाव के बाद तय करेंगे।

### पैसा और शराब बांटी गई

अब तक के मतदान पर कमलनाथ ने कहा- भाजपा का पूरा प्रयास है पैसा पुलिस और प्रशासन ही बचा है आखिरी घंटे में इसका प्रयास कर रहे हैं कि किस तरह से इन्हें कुछ हासिल हो जाए। पूरे दिन पैसा और शराब बांटी गई है मुझे तो लोगों ने वीडियो भेजें एक ने तो वीडियो कॉल करके दिखाया कि देखिए किस तरीके से क्या हो रहा है। सिलवानी में एक व्यक्ति पर हमले की खबर पर कमलनाथ ने कहा उनके पास जब कोई और उपाय नहीं बचा तो यह सब कर रहे है इंदौर नंबर एक में भी थाने में झगड़ा हुआ मैं अभी कमिश्नर से बात की। वीडी शर्मा द्वारा कांग्रेस पर गुंडागर्दी करने के आरोपों पर कमलनाथ ने कहा- वे अब कहेंगे क्या? मैं तो कह रहा हूं। इनके पास कहने के लिए कुछ बचा नहीं। अब कहने लगे कांग्रेस की गुंडागर्दी है। कोई एक उदाहरण है क्या उनके पास, जहां कांग्रेस ने गुंडागर्दी की हो।

## पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में देखी खुशी की झलक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले युवा वर्ग में काफी उत्साह देखा गया। आजादनगर वॉटर पम्प कम्युनिटी हॉल के बूथ नंबर 329 के बूथ में पहली बार वोट देकर आये आमिर सिद्दीकी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मेरा पहला मौका है कि मैंने अपने मत का प्रयोग किया। जिसके लिए सुबह जल्दी उठ गया था और 7:20, बजे मैंने अपना पहला वोट देकर लोकतंत्र को मजबूत करने में योगदान दिया।

उन्होंने कहा लोकतंत्र में सभी को अपने मत का प्रयोग करना जरूरी है। वोट डालना हमारा सभी का कर्तव्य भी बनता है। इसके लिए वोट जरूर डालना चाहिए।उन्होंने लोगों को मतदान के लिए जगरुक भी किया। फर्स्ट टाइम वोटर आमिर सिद्दीकी ने कहा कि पहले वे लोगों को मतदान करते देखते थे तो उनका दिल चाहता था कि वे भी मतदान करें और उनकी अंगुली पर भी स्याही का निशान लगे। आज उनकी यह ख्वाहिश पूरी होने पर खुश हैं।एक युवा होने के नाते मेरा पहला मुद्दा बेहतर शिक्षा और रोजगार की समस्या का समाधान के नाम पर वोट किया।

### कटाक्ष




**मतदान के प्रति बुजुर्गों में भी दिखा उत्साह**

## खातेगांव के 103 वर्षीय मांगीलाल और इंदौर के 93 साल के डॉ. पगारे ने किया मतदान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए 17 नवंबर को मतदान में बुजुर्गों में भी मतदान के प्रति भारी उत्साह देखने को मिला। देश के जाने माने साहित्यकार और इतिहासकार 93 साल के शरद पगारे ने इल्वा स्कूल स्नेह नगर के मतदान केंद्र क्रमांक 132 में मतदान किया और फोटो भी खींचवाया।**

मतदान वाले दिन इंदौर और आसपास के जिलों के कई वरिष्ठ मतदाताओं ने बड़े ही उत्साह के साथ अपने मतों का उपयोग करते हुए मतदान किया। जहां देवास जिले की नगर परिषद खातेगांव के पोलिंग बूथ 176 मंडी प्रांगण में जाकर 103 वर्षीय मांगीलाल बेनीवाल और सोनकच्छ विधानसभा के भौंरासा की 96 वर्ष की श्रीमती सजनबाई ने मतदान केन्द्र में जाकर मतदान कियास , वहीं साहित्य के क्षेत्र में देश में ज्ञानपीठ के बाद सबसे बड़े पुरस्कार माने जाने वाले प्रतिष्ठित व्यास सम्मान से सम्मानित 93 साल के डॉ शरद पगारे ने भी मतदान करने में उत्साह दिखाया। उन्होंने स्नेह नगर स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 132 इल्वा स्कूल में मतदान किया।

### सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं

जिला निर्वाचन कार्यालय की तरफ से मतदाताओं की सुविधा के लिए जिले में सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थी। मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पीने के पानी, लाइट, शौचालय, दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक मतदान कर सके, इसके लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई। जिले में आदर्श और पिंक मतदान केन्द्रों मे निर्वाचन आयोग द्वारा दिये निर्देशानुसार व्यवस्थाए की गई थी। आदर्श मतदान केंद्रों पर स्वागत द्वार बनाए गए। मतदाताओं का स्वागत रेड कारपेट से किया। मतदान केंद्रों पर बैठक व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाएं भी की गई। निर्वाचन आयोग द्वारा दिये निर्देशानुसार आदर्श और पिंक मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाए की गई।

### मतदान के बाद सेल्फी पाईंट पर ली सेल्फी

मतदान केन्द्रों पर बनाये गये सेल्फी पाईंट पर मतदाता मतदान के बाद सेल्फी ले रहे है। मतदाताओं की सुविधा के लिए जिले में सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई। मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पीने के पानी, लाइट, शौचालय, दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक मतदान कर सके, इसके लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई। जिले में आदर्श और पिंक मतदान केन्द्रों मे निर्वाचन आयोग द्वारा दिये निर्देशानुसार व्यवस्थाए की गई। आदर्श मतदान केंद्रों पर स्वागत द्वार बनाए गए। मतदाताओं का स्वागत रेड कारपेट से किया।

## पायोनियर कान्वेंट स्कुल पोलिंग बूथ पर कई मतदाताओं के नाम लिस्ट से गायब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 5 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 37 के पायोनिअर कान्वेंट स्कुल पर कई मतदाताओं को वोटिंग कार्ड रहने के बाद भी मतदान करने से वंचित कर दिया गया क्योंकि उन लोगों का नाम वोटिंग लिस्ट में नहीं था। पोलिंग पदाधिकारियों द्वारा मतदान से वंचित किये जाने से छुब्द मतदाताओं नेअपना विरोध प्रकट किया। क्रोधित मतदाताओं ने स्थानीय पार्षद संगीता महेश जोशी से इस सन्दर्भ में पोलिंग अधिकारियों के विरुद्ध नाराजगी व्यक्त की। वहीं दूसरी तरफ विधान सभा 5 के वार्ड 37 के पालीवाल स्कुल पोलिंग बूथ पर पोलिंग अधिकारियों की निष्क्रियता से वोटिंग सुस्त दिखी। मतदाता पोलिंग अधिकारियों से नाखुश नजर आये।

## सीजन में पहली बार रात का पारा 15 डिग्री पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में ठंड का असर रोजाना बढ़ता जा रहा है और लगातार तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। कल रात पहली बार न्यूनतम तापमान 15 डिग्री पर पहुंचा। जिससे बीती रात मौसम की सबसे सर्द रात बन गई और रात को तीखी ठंड का अहसास हुआ। वहीं दिन के तापमान में भी गिरावट देखने को मिली और पहली बार तापमान 29 डिग्री के नीचे पहुंचा।**

विमानतल स्थित मौसम केंद्र के मुताबिक कल दिन का अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से और परसो की अपेक्षा भी 1 डिग्री कम था। वहीं रात का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा, लेकिन परसो रात की अपेक्षा 0.6 डिग्री कम था। यह इस साल इस मौसम का सबसे कम तापमान था। हालांकि नवंबर माह में तापमान इससे भी काफी नीचे रह चुका है और पिछले दिनों से लगातार जारी गिरावट को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि तापमान में यह गिरावट आगे भी जारी रहेगी। इस दौरान हवाओं की दिशा उत्तर-पूर्वी रही और इनकी अधिकतम रफ्तार 13 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंची। तापमान में दिन से ही गिरावट के कारण धूप में भी गर्मी का अहसास नहीं रहा और शाम होते ही ठंडी हवाएं चुभने लगी। हवाओं में ठंडक का असर सुबह तक बना रहा और सुबह भी धूप निकलने के बावजूद ठंड की चुभन कम नहीं हुई।

# दुकान और मकानों में घुसे चोर

## नकदी व जेवरात सहित अन्य माल उड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चोरों ने एक हेयर सैलून दुकान को निशाना बनाया है। बदमाश यहां से महंगे मोबाइल और नगदी ले उड़े। इसी प्रकार सूने मकानों को भी चोरों ने निशाना बनाकर वारदातों को अंजाम दिया।**

जूनी इंदौर थाने में अब्दुल वाहिद पिता ताबिल हुसैन निवासी सिरपुर बांक धार रोड की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसका श्याम नगर मेन रोड पर ताज हेयर सैलून नाम से कटिंग की दुकान है। कल दिन में अज्ञात बदमाशों ने मेन गेट का ताला तोड़ा और अंदर रखें मोबाइल व 5000 नगदी ले उड़े।

इसी प्रकार भंवरकुंआ क्षेत्र में चोरी की वारदात फरियादी दीपक पिता मोहनलाल प्रजापत निवासी मां दुर्गा नगर के मकान में हुई। उन्होंने पुलिस को बताया कि अज्ञात आरोपी मकान के नाचे के कमरे में घुसे और अलमारी का लाक तोडकर सोने का हार,मंगलसूत्र, अंगूठी, झूमकी,टाप्स, नथ,चांदी की पायल,चांदी के सिक्के और 2& हजार 500 रूपए चुरा ले गए। इधर थाना राऊ इलाके में चोरी की वारदात फरियादी पवन कुमार पिता बद्री प्रसाद निवासी साई रायल कालोनी के मकान में हुई। उन्होंने बताया कि अज्ञात बदमाशों ने मकान का ताला तोड़ दिया और भीतर घुसे। बदमाशों ने अलमारी में रखे सोने के जेवर और नकदी रूपए चुरा लिए।तीनों वारदातों में पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

# ढाबे पर विवाद, कार फोड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** ढाबे पर खाना परोसने में लेट लतीफी को लेकर हुए विवाद में जमकर लात घूसें चले। ढाबा कर्मचारियों ने ग्राहक के साथ मारपीट की और कार के कांच भी फोड़ दिए। पुलिस ने दोनों पक्ष की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक विवाद उज्जैन-इंदौर रोड पर स्थित जेके ढाबा पर हुआ। फरियादी योगेश पिता देवीलाल जोशी निवासी माणिकबाग मेन रोड की रिपोर्ट पर आरोपी विष्णु देथलिया और अन्य ढाबा स्टाफ पर केस दर्ज किया है। आरोपियों ने फरियादी व उसके साथी के साथ खाना खाने और सर्विस लेट होने की बात पर विवाद किया और गालियां दीं। जब गाली देने से मना किया तो जमकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने उनकी कार के काचं भी फोड़ दिए। इधर पुलिस ने फरियादी संदीप गोस्वामी निवासी पचौली बनहल की रिपोर्ट पर आरोपी योगेश जोशी पर भी मारपीट और जान से मारने की धमकी का केस दर्ज किया है।

# छेड़छाड़ का विरोध किया तो कर दिया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मांगलिया रेलवे स्टेशन के पास पति के साथ खड़ी एक महिला के साथ आरोपियों ने छेड़छाड़ कर दी। जब फरियादी युवक ने इस घटना का विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर लात घूसों और डंडे से हमला कर घायल कर दिया। लसूडिया पुलिस के मुताबिक केताप शेख निवासी मांगलिया की रिपोर्ट पर आरोपी समीर परिहार और उसके साथी पर केस दर्ज किय गया। घटना मांगलिया रेलवे स्टेशन नट बोल्ट चौराहा के समीप हुई। युवक ने बताया कि मैं अपनी गुरू बहन को छोड़ने उसके घर गया था। वापस आते समय मांगलिया रेल स्टेशन के पास आरोपी समीर और उसके कुछ दोस्त किसी महिला के साथ छेड़छाड़ और उसके पति से विवाद कर रहे थे। मैं बोला कि तुम इनको क्यों परेशान कर रहे हो इसी बात पर से आरोपियों ने गालियां दी और जमकर लात घूसों से पीटा। डंडे से भी मारपीट की।

### बुरी नीयत से पकड़ा हाथ

किशनगंज इलाके में एक आरोपी ने युवती को रास्ते में रोका और छेड़छाड़ कर चाकू दिखाकर धमकाया। पुलिस के मुताबिक घटना 21 वर्षीय पीडिता के साथ हुई। आरोपी 'वाला ठाकुर निवासी पिगडंबर पर केस दर्ज किया गया। युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसे रास्ते में रोका और हाथ पकड़ लिया उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसे रास्ते में रोका और हाथ पकड़ लिया उसने विरोध किया तो आरोपी ने चाकू अड़ाकर जान से मारने की धमकी दी और मारपीट की शोर मचाने पर आरोपी भाग गया।

## पिता-पुत्र को कर दिया घायल

**इंदौर।** आपसी विवाद में आरोपी ने पिता को पीटा और बेटे को चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। गांधी नगर पुलिस के मुताबिक नेमीचंद्र पिता नारायण सिंह यादव निवासी पालाखेडी कांकड़ की रिपोर्ट पर आरोपी विकास यादव निवासी पालाखेडी कांकड पर केस दर्ज किया गया। आरोपी ने फरियादी के साथ और उसके बड़े बेटे विशाल को गालियां दी आरोपी ने विशाल को पसली में चाकू मार दिया और जान से मारने की धमकी दी।

# आग में झुलसे घर के मुखिया की उपचार के दौरान मौत

## पत्नी और बेटी का चल रहा उपचार,गैस सिलेंडर से हुआ था हादसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विजयनगर में आग लगने के चलते एक ही परिवार के तीन लोग झुलस गए। गंभीर हालत में तीनों को एमवाय अस्पताल में उपचार के लिये लाया गया। यहां घर के मुखिया ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।**

पुलिस के मुताबिक राजेश (35) पिता हरगोविंद रजक की मौत हो गई। राजेश गत 13 नवंबर को हादसे का शिकार हो गए थे। बताया जाता है कि घर में काम के दौरान गैस सिलेंडर में आग लग गई। जिसमें राजेश उसकी पत्नी लक्ष्मी ओर 9 साल की बेटी रक्षा बुरी तरह से झुलस गई। हादसे के दौरान गृहस्थी का सामान भी पूरी तरह से जल गया। इसके बाद तीनों का एमवाय अस्पताल में उपचार चल रहा था। पुलिस शुक्रवार को राजेश को पीएम कराया। राजेश एटीएम पर गार्ड की नौकरी करते थे। वह मूल रूप से भिंड जिले के रहने वाले थे। पिछले 10 साल से इंदौर में रह रहे थे। राजेश के परिवार में उनके भाई पुलिस विभाग में है। वहीं परिवार के अन्य लोग भिंड में ही रहते हैं।

# फ्री में 20 हजार प्लेट पोहे खा गए इंदौरी

## सुबह-सुबह वोट डालकर पहुंच गए थे 56 दुकान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्वाद की राजधानी कहे जाने वाले इंदौर में विधानसभा चुनाव में मतदान को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए व्यापारी भी आगे आए। शहर के प्रसिद्ध खाऊ ठिए 56 दुकान के व्यापारियों ने सुबह जल्दी मतदान करने को फ्री में पोहे-जलेबी खिलाए. यहां इतनी भीड़ उमड़ी की करीब 20 हजार प्लेट पोहे जलेबी मुफ्त में लोगों ने खा लिए.**

दरअसल इंदौर का पोहा जलेबी केवल शहर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश और देश में प्रसिद्ध है. सुबह किया जाने वाला यह नाश्ता इंदौरियों की पहली पसंद है. इस बार लोकतंत्र के महायज्ञ में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जहां जिला निर्वाचन के अधिकारियों के साथ-साथ नगर निगम और सभी शासकीय विभागों ने लोगों को जागरूक किया तो वहीं शहर के व्यापारियों ने विभिन्न उत्पादों पर डिस्काउंट देने के साथ ही अन्य तरीकों से मतदाताओं को जागरूक किया. इसी कड़ी में 56 दुकान के व्यापारी ने मतदान को लेकर खासा उत्साह दिखाया.

### सुबह से लगने लगी थी भीड़

मतदान दिवस के दिन 56 दुकान पर सुबह 7 बजे से 9 बजे के बीच वोट डालकर आने वाले लोगों के लिए मुफ्त में पोहा-जलेबी वितरण की योजना थी.इसके चलते बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अपना मतदान करने के बाद छप्पन दुकान आकर अपनी अंगुली पर लगी अमिट स्याही दिखाई और पोहा-जलेबी का सेवन किया.9 बजे तक 56 दुकान में 5 क्विंटल पोहे वितरित किए जा चुके थे.लगभग 20 हजार प्लेट पोहे का लोगों ने आनंद लिया.

### की थी खास व्यवस्था

56 दुकान के व्यापारियों का कहना था कि हमें उम्मीद थी कि बड़ी संख्या मतदाता वोट डालने के बाद यहां पर पोहे-जलेबी का नाश्ता करने के लिए आएंगे. इसके लिए पहले से ही हमने तैयारियां कर ली थी और आने वाले लोगों की भीड़ को देखते हुए खास इंतजाम कर नगर निगम के सहयोग से खास व्यवस्था भी की थी।

# शराब के साथ दो युवक पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पुलिस ने गायत्री नगर इलाके से चुनावी शराब पकड़ी है। जो मतदाताओं को बांटने के लिए बुलवाई गई थी। पुलिस ने मकान मालिक और एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। चंदननगर पुलिस के अनुसार आरोपियों के नाम युसूफ निवासी जगन्नाथ पुरी सिरपुर और माखन चौधरी उर्फ माखन दा के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज किया है। गायत्री नगर काकड़ कब्रिस्तान बाउंड्री के पास करीब 31 लीटर अंग्रेजी व्हिस्की शराब और 34 लीटर देसी शराब पुलिस ने जब्त की, जिसकी कीमत 55000 से ज्यादा है। सूत्रों का कहना है मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए शराब बंटवाने का इंतजाम किया गया था लेकिन दूसरी पार्टी के लोगों ने पुलिस को खबर कर दी।

# नहाय खाय से शुरू हुई चार दिनी छठ पूजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सूर्य उपासना का महापर्व चार दिनी छठ महोत्सव की शुरूआत शुक्रवार को नहाय खाय से की गई। शहर में सभी छठ घाटों और जल कुंडों की सफाई की गई। घाटों पर छठ मैया का पूजन किया जाएगा। इसी श्रृंखला में विजय नगर छठ घाट का निरीक्षण करने नगर निगम आयुक्त हर्षिता सिंह अधिकारियों के साथ पहुंची। उन्होंने घाट का निरीक्षण कर यथास्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पदाधिकारियों से पूछा कि यहां पर कितने लोग पूजा के लिए आते हैं। तब अधिकारियों ने बताया कि यहां पर कम से कम 10 हजार लोग पूजा करने आते हैं। यहां पर निगम के सहयोग से घाट की साफ-सफाई हो जाए और साथ ही कुंड में पानी की व्यवस्था भी की जाए तो इसमें आपका बड़ा सहयोग होगा।

पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष ठा. जगदीश सिंह ने बताया कि छठ पूजा में भाग लेने के लिए निगम आयुक्त को आमंत्रण- पत्र दिया गया। मौके पर ही ठाकुर साहब ने विजय नगर घाट का विस्तार से नवीनीकरण करने की मांग की और एक ज्ञापन भी सौंपा गया। संस्थान के पदाधिकारियों ने सार्वजानिक छठ पूजा करने के लिए पिपलियाहाना तालाब को पूर्वोत्तर छठ घाट तालाब के रूप में बनाने की मांग भी की गई।

इस अवसर पर छठ समिति के ठा. दीना नाथ सिंह, कुंवर अरविंद सिंह, कुंवर अभय सिंह, राजेश सिंह, रामजी शाह आदि के अलावा काफी संख्या में पूर्वोत्तरवासी एवं नगर निगम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे ह्य सभी लोगों ने संचालन के लिए पूर्वोत्तर संस्थान म. प्र. के महासचिव, मीडिया प्रभारी के. के. झा की सराहना की।

## मतदान दिवस पर चालू औद्योगिक इकाईयों को प्रशासन की टीम ने कराया बंद

**इंदौर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. इलैया राजा टी के निर्देश अनुसार इंदौर जिले की औद्योगिक इकाइयों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। आज सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र में औचक निरीक्षण के दौरान इकोपब स्टील कंपनी में 8 श्रमिक, अशोक वायर लिमिटेड में 6 श्रमिक तथा एक अन्य कंपनी उतम प्लास्टो वेयर में लगभग 10 श्रमिक कार्य करते हुए पाये गये। एमपीआईडीसी के कार्यपालिक संचालक श्री राजेश राठौर ने बताया है कि यहाँ कलेक्टर के निर्देशानुसार गठित दल द्वारा कार्यवाही की गई और यूनिट को मौके पर ही बंद कराया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. इलैया राजा टी द्वारा मतदान दिवस पर जिले के सभी औद्योगिक इकाईयों में श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश देने के आदेश जारी किये गये है।

## महिला से मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** हीरानगर में एक महिला के साथ में आरोपियों ने मारपीट कर दी। सरिता पाल निवासी भाग्य लक्ष्मी कालोनी की शिकायत पर लक्की उर्फ परविंदर और लोकेश हार्डिया के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसे बोले कि तुम लोग यहां पर प्रचार नहीं करोगे इसी बात को लेकर गाली गलौज किया और मारपीट कर दी। गाडियों में भी तोडफ़ोड़ कर दी।

## दुकान में लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** नंदानगर स्थित पुराने डिपो के पास एक एवरफ्रेश की दुकान में आग लग गई। घटना शुक्रवार की है। नंदानगर स्थित पुराने डिपो के पास एवरफ्रेश नाम दुकान में आग लग गई अरौ देखते ही देखते पहली मंजिल तक जा पहुंची। सूचना मिलने पर दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया।

# मध्यप्रदेश में खाद्यान्न उत्पादन 13.5% बढ़ा

## दिहाड़ी मजदूरी केरल से तीन गुना कम; देश में सबसे ज्यादा 2.46 लाख फैक्ट्रियां तमिलनाडु में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नई दिल्ली। देश में एक वर्ष में खाद्यान्न उत्पादन 4.7% बढ़ा है। 2021-22 में 3,15,615 हजार टन के मुकाबले 2022-23 में 3,30,534 हजार टन पैदावार हुई। हालांकि बिहार, गुजरात, हिमाचल व झारखंड में उत्पादन में कमी दर्ज की गई। झारखंड में कमी सबसे ज्यादा 40% रही।**

दूसरी तरफ, मप्र (13.5%), पंजाब (6.6%), राजस्थान (8.1%) और महाराष्ट्र (3.5%) में खाद्यान्न उत्पादन बढ़ा है। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक की सालाना हैंडबुक के ताजा अंक में दी गई है।

### दिहाड़ी मजदूरी देने में केरल सबसे आगे

रिपोर्ट के मुताबिक, केरल के निर्माण मजदूरों की दिहाड़ी सबसे ज्यादा है। वहां निर्माण कार्य में लगे मजदूर को रोज औसत 852 रुपए मिलते हैं। दूसरे नंबर पर तमिलनाडु है, जहां रोज 500 रुपए मिलते हैं। उत्तर भारत के राज्यों में यह राशि एक तिहाई ही है। जैसे मध्य प्रदेश में दिहाड़ी मजदूरी सबसे कम रोज 278 रुपए है। वहीं गुजरात में 323 रुपए, महाराष्ट्र में 371 रुपए, राजस्थान में 393 रुपए, यूपी में 352 रुपए और बिहार में 342 रुपए है।

खेतिहर मजदूरों की औसत दैनिक आय भी केरल में सबसे अधिक 764 रुपए रोजाना है। यह मध्य प्रदेश में सबसे कम 229 रुपए रोज है। केरल में 2021-22 की तुलना में निर्माण मजदूरों की दिहाड़ी में रोज 15 रुपए का इजाफा हुआ है जबकि मप्र में 12 रुपए ही बढ़ी है। राजस्थान के निर्माण मजदूरों की दिहाड़ी राष्ट्रीय औसत के बराबर है। वहीं 11 राज्यों के मजदूरों की दैनिक आय राष्ट्रीय औसत से कम है।

### सकल घरेलू उत्पाद, मैन्युफैक्चरिंग और फैक्ट्री पर रिपोर्ट

**राज्य का सकल घरेलू उत्पाद** : दिल्ली नंबर वन देश में राज्य स्तर के सकल घरेलू उत्पाद में एक वर्ष में सबसे बड़ी बढ़ोतरी दिल्ली में हुई हैं। यहां एक साल में राज्य घरेलू उत्पाद प्रति व्यक्ति 19 हजार रु. बढ़ा है। यह प्री-कोविड यानी 2019-20 वाले 2,60,559 रु. के स्तर को पार कर गया है। दूसरे पायदान पर सिक्किम है, जहां बीते साल साढ़े 13 हजार रु. प्रति व्यक्ति का इजाफा हुआ है। राज्य घरेलू उत्पाद राज्य की आय का सबसे अहम संकेतक होता है।

**मैन्युफैक्चरिंग** : उत्तर प्रदेश अव्वल, उत्तराखंड दूसरा मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में देश के सभी राज्यों में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। उत्तर प्रदेश अव्वल है। यहां 15.5% की बढ़ोतरी दर्ज हुई, उत्तराखंड में 9.2% जबकि हरियाणा में यह बढ़ोतरी 5.8% दर्ज की गई है। छत्तीसगढ़ में यह बढ़ोतरी 3.41%, मप्र में 5.21% और राजस्थान में 4.98% रही। गुजरात, महाराष्ट्र और चंडीगढ़ के डेटा उपलब्ध नहीं हैं।

**देश में फैक्ट्री** : सबसे ज्यादा तमिलनाडु में रिपोर्ट बताती है कि देश में 2,46,504 फैक्ट्रियां हैं। सबसे ज्यादा 38,837 फैक्ट्री तमिलनाडु में हैं। दूसरे नंबर पर गुजरात है, जहां 28,479 फैक्ट्री हैं। 25,610 फैक्ट्रियों के साथ महाराष्ट्र तीसरे नंबर पर है। यूपी में 16,184, पंजाब में 13,092 और कर्नाटक में 14,169 फैक्ट्रियां हैं। मप्र में 4771, छग में 3892, बिहार में 3429 और झारखंड में 2875 फैक्ट्री हैं।

# सिंधिया बोले- मैं सीएम रेस में नहीं

## ◆ विकास और प्रगति की रेस में हूं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर में एएमआई शिशु मंदिर मतदान केंद्र पर वोट डाला। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मतदाताओं में बहुत उत्साह है । हम मध्य प्रदेश में बहुमत की सरकार बना रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस के दावे पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस बहुत कुछ कहती है उन्हें उनकी सोच मुबारक, उन्होंने कहा कि जनता भाजपा को आशीर्वाद देगी।**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि वे कभी सीएम रेस में नहीं रहे, ना 2013 में ना 2018 में थे और ना 2023 में हैं, उन्होंने मीडिया के सवाल पर लगभग झल्लाते हुए उन्होंने कहा कि ये पार्टी तय करेगी , हमने संयुक्त रूप से चुनाव लड़ा है हमारी एकता को कृपा कर कायम रहें, सिंधिया ने कहा मैंने कई बार कहा है कि मैं सीएम रेस में नहीं हूँ मैं विकास और प्रगति की रेस में हूँ , जनता के भविष्य को सुरक्षित रखने की रेस में हूँ ।

### तोमर के बेटे के वायरल वीडियो को बताया कांग्रेस का षड्यंत्र

केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे के वायरल वीडियो के सवाल पर सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस फरेब की राजनीति है, फर्जी वीडियो लाती है कांग्रेस का ये काम बहुत अशोभनीय है, उन्होंने कांग्रेस के 150 सीटें जीतने के दावे पर सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस पिछले कई सालों से बहुत कुछ कहती आ रही है, उसको उसकी सोच मुबारक।

# 2500 से ज्यादा मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से गायब

## ◆ पंचायत चुनाव में किया था मतदान, विधानसभा में नहीं आए लोगों के नाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर। ऐमागिर्द पंचायत में कईं लोगों के नाम मतदाता सूची में नहीं है। इसे लेकर प्रशासन को शिकायत की गई है। इसकी शिकायत एआईएमआई को की गई है। लोगों के विरोध को देखते हुए मौके पर काफी संख्या में पुलिस बल पहुंचा। लोगों को समझाईश दी गई।**

इसे लेकर एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष और अधिवक्ता जहीर उद्दीन शेख ने कहा ऐमागिर्द में करीब 2500 से अधिक लोगों के नाम मतदाता सूची में नहीं है। जब उन्हीं मतदाताओं ने अभी पंचायत चुनाव में मत का उपयोग किया था।

शहरी क्षेत्र में भी कईं जगह यही शिकायत सामने आई थी। जबकि उन्होंने भी नगर निगम चुनाव में मत का प्रयोग किया था। चुनाव आयोग को इसकी शिकायत की है। प्रशासनिक अधिकारियों से भी बात की है। कोई सूची ऐसी नहीं है जिसमें नाम न कटे हों। मोहम्मद सलीम ने कहा आजाद वार्ड में रहते हैं। वोट डालने गए तो कहा गया कि तुम्हारा नाम कट गया।

पत्नी का नाम आया मेरा नाम नहीं आया। शेख समीर ने कहा मेरा नाम भी कट गया। वहीं आजाद नगर मे भीड़ लगने पर पुलिस ने लोगों को मौके से खदेड़ा। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। सीएसपी गौरव पाटिल सहित अफसर मौके पर पहुंचे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने आसपास की कुछ दुकानें बंद कराई ताकि ज्यादा भीड़ जमा न हो।

## भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता हुए आमने सामने, पुलिस ने संभाला मोर्चा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। उज्जैन उत्तर में वार्ड 4 के मतदान केंद्र माथुर वैश्य धर्मशाला में बीजेपी और कांग्रेस के कार्यकर्ता आमने सामने हुए। बीजेपी प्रत्याशी अनिल जैन से भिड़े कांग्रेसी, पुलिस ने बीच बचाव शांत करवाया। दिन भर चली वोटिंग के बाद शाम को उज्जैन उत्तर और दक्षिण में छुटपुट विवाद की खबरे आई , पहला विवाद उत्तर के आगर रोड स्थित माथुर विषय धर्मशाला में उस समय हुआ जब कांग्रेस के मंसूर कुरैशी और बीजेपी प्रत्याशी आपस में भीड़ गए। भाजपा नेता उमेश सेंगर ने बताया कि पोलिंग एजेंट नहीं होने के बावजूद भी कांग्रेस कार्यकर्ता कुरैशी लगातार मतदान केंद्र में प्रवेश कर मतदाता को कांग्रेस में वोटिंग करने की अपील कर रहा था। मना करने के बाद भी वो नहीं माना इस दौरान बीजेपी प्रत्याशी अनिल जैन ने उसे देख लिया। इसी बात को लेकर दोनों में कहा सुनी हो गई। विवाद को बढ़ता देख यहाँ कांग्रेस प्रत्याशी माया त्रिवेदी के पति राजेश त्रिवेदी भी पहुंच गए और उनका भी अनिल जैन से विवाद हो गया। मामला बिगड़ता देख वहां मौजूद पुलिस ने मोर्चा संभाला और दोनों पार्टी के कार्यकर्ता को अलग किया। हालांकि दोनों ने ही पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

# भोपाल प्रदेश का सबसे प्रदूषित शहर बना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। दिवाली के बाद से अभी तक प्रदेश के कई शहरों के अदक में गिरावट आई है, मगर भोपाल में इसका कोई असर नहीं देखा गया। भोपाल प्रदेश का सबसे प्रदूषित शहर बना। भोपाल में दिवाली के दिन एक्यूआई 353 अधिकतम रहा था, वो घटकर अभी 322 हो गया है। एक्सपट्र्स की मानें तो शहर में विंड वैलोसिटी यानी विंड प्रेशर काफी कम है, वहीं ओवर कास्ट कंडीशन के कारण भी डस्ट पार्टिकल और हानिकारक गैसें वायुमंडल में ठहरी हुईं हैं। बता दें, 323 एक्यूआई यानी सीवियर से पहले की स्थिति है। 400 होते ही यह अदक सीवियर में आ जाता है।**



### धूल के बारीक कणों से हो रहा प्रदूषण

शहर के अदक की बात करें तो पर्यावरण परिसर में मौजूद लाइव मॉनिटरिंग सिस्टम पर गुरुवार 284 अदक था। इसी तरह सुबह टीटी नगर पर अदक 238 दर्ज किया था वहीं, ईदगाह हिल्स और कोहेफिजा इलाके सुबह 322 अदक दर्ज किया था। शाम होते होते 296 पर पहुंच गया। एमपीपीसीबी की रिपोर्ट के अनुसार शहर भर में पीएम 2.5 यानी धूल के बारीक कण से सबसे अधिक प्रदूषण हो रहा है। सभी जगहों पर जो अदक बढ़ रहा है यह इसका मुख्य मुख्य कारण पीएम 2.5 ही है।

### कोहरा और सर्दी में इसलिए बढ़ता है प्रदूषण-

पर्यावरण के जानकारों का कहना है कि ठंड के सीजन में आम तौर पर एक्यूआई बढ़ता ही है। ठंड में वाहनों से निकलने वाली हानिकारक गैसें एक्सपेंड नहीं हो पाती व वायुमंडल में ठहरी रहती हैं। जैसे-जैसे सर्दी बढ़ती है, गैस व धूल के कण वायुमंडल में देर तक ठहरते हैं, इससे एक्यूआई बढ़ता है। इसी के साथ अधिक कोहरे की वजह से भी कई बार वायुमंडल में मौजूद हानिकारक गैसेस डिजॉल्व नहीं हो पातीं हैं।

**लगातार ओवरकास्ट कंडीशन के चलते यह स्थिति है। हालांकि टीटी नगर और पर्यावरण परिसर में इसमें गिरावट आई है, विंड प्रेशर जैसे ही बढ़ेगा तो तुरंत इसमें गिरावट आएगी।**

**ब्रजेश शर्मा, रीजनल मैनेजर, एमपीपीसीबी**

# भाजपा जिला महामंत्री पर जानलेवा हमला

## चार कार्यकर्ता घायल, अस्पताल में भर्ती; पुलिस मामले की जांच में जुटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़**। जिले में विधानसभा चुनाव की वोटिंग के दौरान ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र के बादलपुरा गांव में बीजेपी जिला महामंत्री सहित चार कार्यकतार्ओं पर जानलेवा हमला हो गया। इस हमले में अमित शर्मा सहित चार लोगों को चोट आई है। जिन्हें इलाज के लिए ब्यावरा अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के बाद भाजपा प्रत्याशी नारायण सिंह घायल हुए अपने कार्यकतार्ओं से मिलने अस्पताल में पहुंचे और उनका हाल चाल जाना। मामले की सूचना के बाद पुलिस अस्पताल में पहुंच गई थी। विवाद के कारणों का पता लगाने में पुलिस जुट गई है। अस्पताल में इलाज करवाने के दौरान घायल हुए भाजपा के जिला महामंत्री अमित शर्मा ने बताया कि इस हमले में उनके साथ उनके कार्यकतार्ओं को भी चोट आई हैं। अमित शर्मा का आरोप है कि फरसे और डंडे से अज्ञात लोगों ने पूरी प्लानिंग के साथ उन पर हमला किया है। क्योंकि ब्यावरा विधानसभा में कांग्रेस चुनाव हार रही है। उनका कहना है कि उन पर हमला करने वाले लोगो को सामने आने पर वहां उन्हें पहचान लेंगे। उन लोगों को दिख रहा था कि ब्यावरा विधानसभा में हम लोग हार रहे हैं।

### Paschim bangal

# टीम इंडिया की प्रैक्टिस जर्सी के रंग पर भड़कीं ममता बनर्जी, बोलीं- हर चीज का भगवाकरण कर रही सरकार




**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने टीम इंडिया की जर्सी को लेकर सवाल उठाए हैं. ममता बनर्जी ने कहा सबकुछ गेरुआ रंग में रंगा जा रहा है. उनका सीधा निशाना बीजेपी की ओर था. सीएम ममता के इस बयान पर बीजेपी बीजेपी ने पलटवार किया और कहा कि ममता ने तो पूरे कोलकाता को नीले और सफेद रंग में रंग दिया है.

मध्य कोलकाता के पोस्ता बाजार में जगधात्री पूजा के उद्घाटन अवसर सीएम ममता बनर्जी ने कहा, 'अब सब कुछ भगवा हो रहा है! हमें अपने भारतीय खिलाड़ियों पर गर्व है और मुझे विश्वास है कि वे विश्व विजेता बनेंगे... लेकिन जब वे अभ्यास करते हैं तो उनकी ड्रेस भी भगवा हो गई है...! वे पहले नीला रंग पहनते थे. यहां तक कि मेट्रो स्टेशनों को भी भगवा रंग में रंगा जा रहा है. एक बार मैंने सुना था कि मायावती ने अपनी मूर्ति बनवाई है, लेकिन अब यह सामान्य हो गया है...अब हर चीज का नाम नमो के नाम पर रखा जा रहा है. इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है.'

ममता बनर्जी ने कसिी का नाम लिए बगैर इस कृत्य की निंदा की. उन्होंने कहा, 'मुझे उनकी मूर्तियां खड़ी करने पर कोई आपत्ति नहीं है लेकिन वो हर चीज को भगवा रंग में रंगने की कोशिश कर रहे हैं.मैंने एक बार देखा था कि मायावती ने अपनी एक मूर्ति बनवाई थी। उसके बाद, मैंने ऐसा कुछ नहीं सुना इस तरह की नौटंकी हमेशा फायदे की ओर नहीं ले जा सकती. सत्ता आती और जाती रहती है.' बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि 'यह देश जनता का है, न कि सर्फि एक पार्टी की जनता का.'

### New Delhi

## चक्रवाती तूफान ने बढ़ाया टेंशन, आज से इन राज्यों में होगी भारी बारिश; IMD का रेड अलर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने ताजा भविष्यवाणी की है। इसके मुताबिक, चक्रवाती तूफान 'मिधिली' शनिवार सुबह कमजोर होकर त्रिपुरा और उससे सटे बांग्लादेश के ऊपर एक गहरे दबाव में बदल गया है। इसके अगले छह घंटों में दक्षिण असम और उससे सटे मिजोरम और त्रिपुरा के ऊपर उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ने की संभावना है। बता दें कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरे दबाव का क्षेत्र शुक्रवार को एक चक्रवाती तूफान में बदल गया। इसके कारण पश्चिम बंगाल, ओडिशा समेत पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने कहा कि चक्रवाती तूफान 'मिधिली' 17 नवंबर की रात या 18 नवंबर की सुबह बांग्लादेश तट को पार कर सकता है। मछुआरों को 18 नवंबर तक उत्तरी बंगाल की खाड़ी और पश्चिम बंगाल के तटों के पास समुद्र में न जाने के लिए कहा है। मौसम विभाग ने पहले कहा था कि चक्रवाती तूफान बांग्लादेश तट पर पहुंचने से पहले सुंदरबन से आगे बढ़ेगा।

### Jharkhand

## पेड़ से टकराकर स्कॉर्पियो के उड़े परखच्चे, पांच लोगों की मौके पर ही मौत

**गिरिडीह, (एजेंसी)** झारखंड के गिरिडीह में बड़ा हादसा हो गया है. यहां एक्सीडेंट में पांच लोगों की मौत हो गई. हादसा इतना भीषण था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए. यह सभी लोग बारात से लौट रहे थे. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लिए. पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिए. जानकारी के अनुसार, यह घटना देर रात तीन बजे बिरनी थाना क्षेत्र के बाघमारा लुकैया में हुई. स्कॉर्पियो में सवार होकर सभी लोग बिरनी के थोरिया से स्कॉर्पियो से गिरिडीह के टिकोडीह गए हुए थे. रात में सभी लोग वापस घर लौट रहे थे. इसी बीच स्कॉर्पियो पेड़ से टकरा गई. घटना के बाद कार के परखच्चे उड़ गए.

### Uttarakhand

## आज शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे बदरीनाथ धाम के कपाट, चारधाम यात्रा का होगा समापन



**जोशीमठ(चमोली), (एजेंसी)** बदरीनाथ धाम के कपाट शनिवार को शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। इसके साथ ही आज चारधाम यात्रा का भी समापन हो जाएगा। बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि पंच पूजाओं के पांचवें दिन शनिवार को रावल स्त्री वेष धारण कर माता लक्ष्मी को बदरीनाथ मंदिर के गर्भ गृह में विराजमान करेंगे। उसके बाद उद्धव जी व कुबेर जी मंदिर प्रांगण में आएंगे और दोपहर 3:33 बजे पर धाम के कपाट बंद हो जाएंगे। बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि कपाट बंद करने को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### खेल

# ODI WC: विश्व कप के जरिए आईसीसी-ब्राडकॉस्टर ने जमकर की कमाई

## 20 हजार करोड़ तक बढ़ सकती है देश की अर्थव्यवस्था

**मुंबई, (एजेंसी) इस बार का क्रिकेट विश्वकप हर मोर्चे पर कीर्तिमान रच रहा है। प्रसारण दर्शक संख्या की बात हो या स्टेडियम में मौजूद दर्शकों की या फिर प्रायोजक व टीवी राइट्स से धन कमाने की... यह आयोजन हर लिहाज से जबरदस्त सफल रहा है। भारत- न्यूजीलैंड के बीच पहले सेमीफाइनल मुकाबले को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिकॉर्ड 5.3 करोड़ से ज्यादा लोगों ने लाइव देखा।**




विश्वकप-2023 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 20 प्रायोजकों के साथ भागीदारी की। उसके पास छह वैश्विक भागीदार हैं। इनमें एमआरएफ टायर्स, बुकिंग कॉम, इंडसइंड बैंक, मास्टरकार्ड, अरामको और एमिरेट्स शामिल हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, आयोजन से आईसीसी को 150 करोड़ डॉलर यानी करीब 1,249 करोड़ रुपये की कमाई का अनुमान है।

डिज्नी-स्टार के अनुसार, टीवी पर दर्शकों ने 2019 की तुलना में 12% अधिक समय बिताया। इससे स्टार व डिज्नी को 2,500 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। बीसीसीआई को भी इस विश्व कप से काफी फायदा हुआ है। 10 लाख से अधिक दर्शकों ने स्टेडियम पहुंच कर मैच देखे हैं। पहले सेमीफाइनल तक 42 मैचों के लिए 10 स्टेडियम में 10 लाख से अधिक फैंस रोमांचक मुकाबलों के गवाह बने हैं। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान मुकाबले को देखने के लिए एक लाख दर्शक पहुंचे थे। अब फाइनल में भी इस मैदान पर एक लाख से अधिक दर्शकों का पहुंचना तय है।

विश्व कप के फाइनल में भारत के पहुंचने से दर्शकों की संख्या बढ़ी है और टूर्नामेंट की लोकप्रियता में भी इजाफा हुआ है। भारत में क्रिकेट फैंस की संख्या सबसे ज्यादा है और विश्व कप का फाइनल कोई भी क्रिकेट प्रेमी नहीं छोड़ना चाहेगा। ऐसे में 19नवंबर को देश में सड़कें सूनी रहने वाली हैं और इससे सबसे ज्यादा फायदा आईसीसी, बीसीसीआई और डिज्नी+हॉटस्टार को (स्टार) को होना है।

इस विश्वकप से भारतीय अर्थव्यवस्था में 13 हजार से 20 हजार करोड़ रुपये की वृद्धि होने का अनुमान लगाया गया है। आईसीसी दो से तीन माह में व्यापक रिपोर्ट जारी करेगी। 2019 क्रिकेट विश्वकप के आयोजन से ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था 3,600 करोड़ रुपये बढ़ी थी।

### सिनेमा

## रश्मिका-ऐश्वर्या के बाद डीपफेक का शिकार हुईं काजोल, कपड़े बदलते एक्ट्रेस का अश्लील वीडियो वायरल



इन दिनों एक्ट्रेसेस का लगातार डीप फेक वीडियो वायरल हो रहे हैं। बीते दिनों रश्मिका मंदाना का डीप फेक वीडियो वायरल हुआ था, जिसकी वजह से वह काफी सुर्खियों में आ गई थीं। रश्मिका के बाद सारा तेंदुलकर, कटरीना कैफ और ऐश्वर्या राय भी डीप फेक का शिकार हो चुकी हैं। रश्मिका के वीडियो पर फैंस के अलावा स्टार्स ने भी जमकर नाराजगी जताई थी। वहीं, अब बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल भी डीप फेक तकनीक का शिकार हो गई हैं। काजोल का एक अश्लील वीडियो सामने आया है, जिसमें कैमरे के सामने ही वह कपड़े बदलती दिखीं।

रश्मिका मंदाना के बाद अब एआई डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल कर काजोल का एक अश्लील वीडियो बनाया गया है। इस डीपफेक से एडिट किए गए वीडियो में काजोल को कैमरे के सामने ही कपड़े बदलते हुए देखा जा सकता है। ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ, लेकिन बाद में इसे डिलीट कर दिया गया। इस डीप फेक वीडियो पर काजोल के फैंस ने अपनी नाराजगी जताई है। इस वीडियो के कैप्शन पर लिखा था, 'कैमरे में कपड़े बदलते कैद हुई काजोल देवगन।' वीडियो में कैमरे के सामने कपड़े चेंज करती हुई लड़की कोजोल नहीं है, बल्कि एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। इस इन्फ्लुएंसर का नाम रोजी ब्रीन है। रोजी एक जानी मानी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। टिक-टॉक वीडियो से फेमस हुईं रोजी ब्रीन के अच्छे खासे फॉलोअर्स हैं।

## संपादकीय

# सारे प्रयास विफल

त्योहारों के मौकों पर विशेष गाड़ियां चला कर रेलवे यात्रियों के दबाव को कम करने की कोशिश तो करता है, मगर वह उनमें वैसी सेवाएं नहीं दे पाता जैसी दूसरी गाड़ियों में होती हैं। ऐसी गाड़ियों में लगे ज्यादातर डिब्बे प्राय: नियमित उपयोग के अतिरिक्त सुधार के लिए आए या सुधार कर रखे गए होते हैं। बीते छह महीनों पर नजर डालें तो कई बड़े हादसे हो चुके हैं, जिनमें सैकड़ों लोगों की जान चली गई और सैकड़ों घायल हुए। अभी बारह घंटे के भीतर दो गाड़ियों में आग लगने की घटनाएं उसी सिलसिले में जुड़ गई हैं। बुधवार को एक तेज रफ्तार गाड़ी दिल्ली से दरभंगा के लिए रवाना हुई थी। उत्तर प्रदेश के इटावा पहुंचते ही उसके तीन डिब्बों में आग लग गई। गनीमत थी कि गाड़ी अभी स्टेशन से रवाना ही हुई थी और कर्मचारियों ने उसमें से धुआं उठता देखा और रुकवा लिया। इस तरह कोई बड़ा हादसा होने से बच गया। मगर वहीं दूसरी गाड़ी में आग लगने से उन्नीस लोग घायल हो गए। आग लगने की वजह से वे चलती गाड़ी से कूदने और भागने लगे थे। दूसरी गाड़ी भी दिल्ली से बिहार के वैशाली जा रही थी। रेल गाड़ियों में आग लगने की बड़ी वजह उनमें लगे खराब गुणवत्ता वाले तार और उन्हें जोड़ने आदि में बरती गई लापरवाही होती है। गरम होकर जब दो तार आपस में चिपक जाते हैं, तो चिनगारी फूटने लगती है। दोनों घटनाएं रात के वक्त हुईं, जब ज्यादातर मुसाफिर सो रहे थे। जब भी तारों के चिपक कर जल उठने की घटना होती है, तो उसकी आहट पूरे डिब्बे में आग के फैलने से पहले मिल जाती है। जाहिर है, इन दोनों घटनाओं के वक्त भी तारों के जलने की बदबू डिब्बे में फैली होगी। मगर समय रहते किसी तकनीकी सहयोगी ने उस पर काबू पाने की कोशिश नहीं की, इसलिए आग फैली। ज्यादा संभव है कि उन गाड़ियों में कोई तकनीकी सहयोगी रहा ही न हो। आमतौर पर डिब्बों में जो सहायक तैनात किए जाते हैं, वही बिजली आदि से संबंधित गड़बड़ियों को सुधारने या सुधरवाने की जिम्मेदारी उठाते हैं। मगर जिन दोनों गाड़ियों में आग लगी, वे विशेष गाड़ियां थीं, जो छठ के मद्देनजर चलाई गई थीं। फिर उनके जिन डिब्बों में आग लगी वे सामान्य शयनयान थे। इसलिए जाहिर है, उनमें भीड़ भी कुछ अधिक रही होगी और उनमें सहायकों की तैनाती उस तरह नहीं की गई होगी, जैसे दूसरी गाड़ियों के विशेष वातानुकूलित डिब्बों में की जाती है।

# क्रोधित राजा और ऋषि

**राजा की आज्ञा के अनुसार सैनिक ऋषि के पास गए और ऋषि को राजा का आमंत्रण सुनाते हुए उनसे महल चलने की प्रार्थना करने लगे। ऋषि भी सैनिकों के साथ महल चलने के लिए तैयार हो गए।**



ढोलकपुर नाम के साम्राज्य में एक जाने-माने ऋषि रहते थे, जो लोगों का भाग्य बताने के लिए प्रसिद्ध थे। उस राज्य का हर व्यक्ति उन प्रसिद्ध ऋषि व उनके कौशल के बारे में जानता था। एक दिन उस ऋषि के बारे में वहां के राजा को भी पता चला।

राजा के मन में भी अपने भविष्य को जानने की इच्छा होने लगी। इसी के चलते उसने अपने सैनिकों को ऋषि के पास भेजा और पूरे सादर-सम्मान से उन्हें महल लेकर आने का आदेश व आमंत्रण दिया।

राजा की आज्ञा के अनुसार सैनिक ऋषि के पास गए और ऋषि को राजा का आमंत्रण सुनाते हुए उनसे महल चलने की प्रार्थना करने लगे। ऋषि भी सैनिकों के साथ महल चलने के लिए तैयार हो गए।

जब ऋषि महल पहुंचे, तो राजा ने बड़े ही उत्साह से उनका स्वागत-सत्कार किया और उन्हें अपने दरबार में सम्मान के साथ बैठाया। जब ऋषि ने थोड़ा आराम कर लिया, तो राजा ने ऋषि के सामने अपने मन की इच्छी रखी और उनसे अपने भविष्य के बारे में पूछा।

ऋषि ने राजा से उसकी जन्मकुंडली मंगाई और उसे ध्यान से देखने लगे। कुछ देर तक राजा की कुंडली देखने के बाद प्रसिद्ध ऋषि ने राजा को बताया कि भविष्य में उनका भाग्य आशीर्वाद भरा हुआ है और जीवन में सबकुछ अच्छा ही होगा। इस तरह ऋषि ने राजा के भाग्य में बारे में अच्छी-अच्छी बातें बताई।

राजा खुद से जुड़ी अच्छी भविष्यवाणी सुनकर बहुत प्रसन्न हुआ। उसने खुश होकर ऋषि को सोने और चांदी का उपहार दिया।

इसके बाद राजा ने ऋषि से अपने भविष्य से जुड़े दुर्भाग्य के बारे में पूछा। राजा के पूछे अनुसार ही ऋषि ने राजा के दुर्भाग्य से जुड़ी बातें भी बता दीं। उन्हें सुनकर राजा बहुत क्रोधित हो गया। वह गुस्से में ऋषि पर चिल्लाने लगा और धमकाते हुए कहा कि इतनी बेतुकी बातें करने की आपकी हिम्मत भी कैसे हुई।

राजा ने गुस्सा होते हुए अपनी तलवार निकाली और ऋषि की तरफ इशारा करते हुए कहा कि अब मुझे मेरी मृत्यु का समय बताओ।

ऋषि समझ चुका था कि राजा अपना दुर्भाग्य सुनकर उसपर क्रोधित हो गया है। राजा की मृत्यु वाली बात सुनते ही वह शांति से कुछ गणना करने लगा। इसके बाद शांत स्वर में कहा, 'मेरी गणना और कौशल के अनुसार, आपकी मृत्यु मेरी मृत्यु के ठीक एक घंटे बाद होगी।'

राजा ऋषि की यह बात सुनकर हैरान हो गया। अब उसे अपनी गलती का एहसास होने लगा। उसने तुरंत अपनी तलवार नीचे रखी और ऋषि के साथ किए गए अपने दुर्व्यवहार के लिए उनसे माफी मांगी। बाद में राजा ने ऋषि को ढेर सारा धन दिया और उन्हें वापस कुटिया में आदर व सम्मान के साथ भेज दिया।

### कहानी से सीख

मुश्किल परिस्थितियों में हमें समझदारी से काम लेना चाहिए और मन को शांत रखना चाहिए। यह हुनर हमें हर परेशानी से बाहर निकाल सकता है।

## स्वामी विवेकानंद की प्रेरक कहानी

# मां की महिमा

**मां की महिमा का बखान जितना भी किया जाए वो कम है। मां के प्यार का कर्ज कोई नहीं चुका सकता और मां की जरूरत क्या है, इसे स्वामी विवेकानंद ने बखुबी समझाया है। जानिए इस कहानी में**

एक बार किसी व्यक्ति ने स्वामी विवेकानंद जी से सवाल किया, "दुनिया में मां की महिमा इतनी क्यों है और इसका कारण क्या है? इस सवाल को सुनने के बाद स्वामी जी के चेहरे पर मुस्कान फैल गई। इस सवाल का जवाब देने के लिए उन्होंने उस व्यक्ति के सामने एक शर्त रखी। विवेकानंद जी की शर्त के अनुसार उस व्यक्ति को 5 किलो के पत्थर को एक कपड़े में लपेट कर उसे अपने पेट पर 24 घंटे तक बांधना था और फिर स्वामी जी के पास जाना था। इसके बाद उसे अपने सवाल का जवाब स्वामी विवेकानंद जी से मिलना था।



स्वामी जी के कहे अनुसार उस व्यक्ति ने एक पत्थर को अपने पेट पर बांधा और वहां से चला गया। अब उसे पत्थर बांधे-बांधे ही अपना सारा दिनभर का काम करना था, लेकिन उसके लिए ऐसा करना मुश्किल हो रहा था। पत्थर के बोझ के कारण वह जल्दी थक गया। दिन तो जैसे-तैसे गुजर गया, लेकिन शाम होते-होते उसकी हालत खराब हो गई। जब उससे रहा नहीं गया, तो वह सीधा स्वामी जी के पास गया और बोला, "स्वामी जी मैं इस पत्थर को ज्यादा समय तक बांधकर नहीं रख सकता। सिर्फ एक सवाल का जवाब जानने के लिए मैं इतना कष्ट नहीं सह सकता।"

उस व्यक्ति की बात सुनकर स्वामी जी मुस्कुराते हुए बोले, "तुम 24 घंटे भी पत्थर का भार संभाल नहीं सके और मां अपनी कोख में बच्चे को नौ महीने तक रखती है और सभी तरह के करती है। इसके बाद भी उसे जरा भी थकान महसूस नहीं होती। इस पूरे संसार में मां जैसा और कोई नहीं है, जो इतना शक्तिशाली और सहनशील हो। मां तो शीतलता और सहनशीलता की मूरत है। मां से बढ़कर इस दुनिया में कोई नहीं है।

### कहानी से सीख

स्वामी विवेकानंद जी इस कहानी के माध्यम से लोगों को यह सीख देना चाहते थे कि इस संसार में मां जितना धैर्यवान और सहनशील कोई और नहीं है। मां से बढ़कर इस दुनिया में कुछ नहीं हो सकता।

## Highlights

- **Bollywood celebrities desperate to get clicked with Beckham: Congress' Singhvi**
- **Hyderabad blaze toll 10 as youth succumbs to major burns**
- **Viral KBC Video On Farm Loan Waiver Is Edited**
- **Don't tell mother I'm stuck in tunnel: Worker to brother amid rescue operation in U'khand**
- **BMC files complaint against Aaditya for inaugurating 'incomplete' bridge in Mumbai**

# Delhi high court stays ED's investigation against Hero MotoCorp's Pawan Munjal

**NEW DEIHI, (Agency).** The Delhi high court on Friday stayed the Enforcement Directorate (ED) probe against Hero MotoCorp executive chairman Pawan Munjal in connection with allegations that foreign currency equivalent to ₹54 crore was illegally taken out of India by Munjal and others.

A bench of justice Saurabh Banerjee ordered the stay on the money laundering probe against Munjal on the ground that the court on November 3 stayed proceedings by the Directorate of Revenue Intelligence (DRI), which formed the basis for the ED case.

"Accordingly, there shall be a stay of proceedings under the ECIR (Enforcement Case Information Report)," the high court said. The bench clarified that the stay only applied to proceedings against Pawan Munjal and ED was free to proceed against other accused.




Munjal, appearing through senior advocates Mukul Rohatgi, Sandeep Sethi and Dayanan Krishnan, reasoned that the ED probe could not continue since there was a stay on the DRI proceedings.

"The cause of action is the (DRI) complaint. The show cause resulted in exoneration. In that case, the court stayed the proceedings... then this ECIR summons should be stayed. The result in this case will depend on the first matter," Rohatgi argued. Munjal has also asked the high court to quash the ECIR registered by ED in July 2023 and sought the ECIR's records.

In August this year, ED officials searched Munjal's residential and business premises and others as part of its investigation. On November 10, ED attached three properties worth ₹24.95 crore under the provisions of the Prevention of Money Laundering Act (PMLA), saying Munjal got issued foreign exchange/ foreign currency in the name of other persons and thereafter utilised the same for his personal expenditure abroad.

# Amazon to cut 'several hundred' jobs in Alexa division

**NEW DEIHI, (Agency).** Amazon.com on Friday announced it is trimming jobs at its Alexa voice assistant unit, citing shifting business priorities and a greater focus on generative artificial intelligence.

The cuts affect several hundred employees working on Alexa, according to the email. A spokeswoman declined to elaborate on exactly how many were affected.

"We're shifting some of our





efforts to better align with our business priorities, and what we know matters most to customers - which includes maximizing our resources and efforts focused on generative AI," Daniel Rausch, vice president of Alexa and Fire TV, said in the email. "These shifts are leading us to discontinue some initiatives."

Amazon has been pulling back in a variety of divisions this month, including in its music and gaming divisions and some human resources roles.

While most of the jobs affected were in the devices division, a few were working on Alexa-related products in a different unit, a spokeswoman said. Many companies are shifting resources to generative AI, which can create software code and lengthy text responses from short prompts.

Alexa is a voice assistant that can be used to set timers, ask search queries, play music, or as a home automation hub.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।